# वचन

**परिभाषा:**

संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह एक के लिए प्रयुक्त हुआ है अथवा एक से अधिक के लिए उसे वचन कहते हैं।

**भेद:**

वचन के दो भेद होते हैं।

1. एकवचन 2. बहुवचन

**एकवचन:** जिस शब्द के रूप से 'एक' का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं।

**उदाहरण:** क. **हाथी** नाच रहा है।

ख. **पंखा** घूम रहा है।

यहाँ पर हाथी व पंखा अकेले-अकेले अर्थात 'एक' होने का बोध करा रहे हैं।

**बहुवचन:** जिस शब्द के रूप से 'एक' से अधिक का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं।

**उदाहरण:** क. **कन्याएँ** नृत्य कर रही हैं।

ख. **थालियाँ** सजी हुई है।

यहाँ पर कन्याएँ व थालियाँ 'एक' से अधिक होने का बोध करा रही हैं।

## शब्दों की सूची

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| किताब | किताबें |
| सड़क | सड़कें |
| नदी | नदियाँ |
| जाति | जातियाँ |
| कपड़ा | कपड़े |
| घोड़ा | घोड़े |
| माता | माताएँ |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| महिला | महिलाएँ |
| चिड़िया | चिड़ियाँ |
| गुड़िया | गुड़ियाँ |
| तोता | तोते |
| बेटा | बेटे |
| बहू | बहुएँ |
| गौ | गौएँ |

**सदैव एकवचन में उपयोग किए जानेवाले कुछ शब्द:**

वर्षा, जल, सत्य, जनता, क्षमा इत्यादि।

**सदैव बहुवचन में उपयोग किए जानेवाले कुछ शब्द:**

प्राण, हस्ताक्षर, दर्शन, भोजन, आँसू इत्यादि।

## स्वाध्याय

**प्र.1. निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पुस्तकें | 2. | लड़का |
| 3. | नदियाँ | 4. | कली |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बहुवचन | 2. | एकवचन |
| 3. | बहुवचन | 4. | एकवचन |

**प्र.2. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए:**

1. बच्चे मैदान में खेल रहे थे।
2. घोड़ा दौड़ रहा था।
3. चुहिया राम को परेशान कर रही थी।
4. लड़कियाँ पढ़ रही हैं।

उत्तर:
1. **बच्चा** मैदान में खेल रहा था।
2. **घोड़े** दौड़ रहे थे।
3. **चुहियाँ** राम को परेशान कर रही थीं।
4. **लड़की** पढ़ रही है।

**प्र.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | गुड़ियाँ | 2. | कौआ |
| 3. | मक्खियाँ | 4. | वस्तु |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | गुड़िया | 2. | कौए |
| 3. | मक्खी | 4. | वस्तुएँ |